# युवा शिवसेना का हल्लाबोल, तीन जिलों में एक साथ ज्ञापन सौंपा

▸ मंदसौर, नीमच और रतलाम में सीएम के नाम दिया मांगपत्र, निष्पक्ष जांच कर स्थिति स्पष्ट करने की मांग



**उज्जैन। मंदसौर की महिला थाना प्रभारी रानी बेग से जुड़े चर्चित मामले में मध्यप्रदेश युवा शिवसेना गोरक्षा न्यास ने गुरुवार को मंदसौर, नीमच और रतलाम में एक साथ जनआंदोलन किया। संगठन ने संबंधित अधिकारियों के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध जांच की मांग की है।**

संगठन के संस्थापक अध्यक्ष मनीष सिंह चौहान के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि इस मामले में लंबे समय से शिकायतें की जा रही हैं। यदि शिकायतें तथ्यहीन हैं तो जांच एजेंसियां स्थिति सार्वजनिक करें और यदि आरोपों में सच्चाई है तो कानून के अनुसार कार्रवाई की जाए। पदाधिकारियों ने कहा कि जांच में हो रहे विलंब से जनता में शंकाएं बढ़ रही हैं। उनका उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष का विरोध करना नहीं, बल्कि प्रशासनिक जवाबदेही तय कर सच्चाई सामने लाना है। संगठन ने चेतावनी दी है कि जब तक स्पष्ट निर्णय और ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन जारी रहेगा।

### इन अधिकारियों को सौंपे गए ज्ञापन

मंदसौर: नायब तहसीलदार विजय पटेल को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष वीर सिंह राणा, गोपाल सिंह चौहान, इंद्रजीत सिंह मेवाड़ा, राकेश सिंह, बाबूलाल मालवीय, रवि गुर्जर, रवि प्रजापत, धर्मेंद्र ठाकुर, शुभम दांगी, लोकेंद्र बना, अरविंद, अर्पित बोरासी और धीरज बोरासी मौजूद रहे। रतलाम: नायब तहसीलदार अखिलेश मालवीय को ज्ञापन दिया गया। यहां जोगिंदर सिंह, भोपाल सिंह, प्रिंस भाटी, जितेंद्र सिंह राठौर, मौन सिंह और मनोज राजावत उपस्थित थे। नीमच: डिप्टी कलेक्टर चंद्र सिंह दावरे को मांगपत्र सौंपा गया। इस अवसर पर मनोहर फतरोड़, संदीप मराठा, जोगेंद्र पांडेय और बलवेंद्र रावत सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तीर्थ दर्शन योजनांतर्गत चयनित दर्शनार्थियों का सम्मान समारोह



**बड़नगर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनांतर्गत वैष्णोदेवी यात्रा हेतु प्राप्त आवेदनों का जिला कार्यालय उज्जैन द्वारा लॉटरी माध्यम से बड़नगर नगरीय क्षेत्र के 27 यात्रियों का चयन किया गया था। वैष्णोदेवी यात्रा हेतु चयनित तीर्थ यात्रियों द्वारा यात्रा पर जाने हेतु अपनी सहमती प्रदान किये जाने पर नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या, उपाध्यक्ष अनिता वर्मा, लालबहादुर बादशाह, शांतिलाल गोखरू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एमआर निंगवाल, पायल सोनी समग्र सुरक्षा विस्तार अधिकारी एवं नगर पालिका अधिकारी, कर्मचारी द्वारा नगर पालिका कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में पुष्पमाला एवं शॉल श्रीफल भेंटकर स्वागत किया गया। उपस्थित अतिथियों द्वारा तीर्थ यात्रियों को सफल यात्रा के लिए मंगलकामना की गई एवं तीर्थ यात्रा के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत नगरीय क्षेत्र के अब तक वर्ष 2022 से आज तक 373 तीर्थ यात्रियों द्वारा योजना का लाभ प्राप्त किया गया है। जानकारी हेमंत सोनी ने दी।

## एक नजर में

### भागवत कथा में मना कृष्ण जन्मोत्सव




**उज्जैन।** सिंधु सेना द्वारा सिंधी कालोनी में आयोजित भागवत कथा में कृष्ण जन्मोत्सव उल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। कथावाचक मुकुंदाचार्य महाराज ने श्रद्धालुओं को अधिक मास का महत्व बताते हुए कहा कि पुरुषोत्तम माह में कथा श्रवण करने से भक्तों को लोक–परलोक में उत्तम फल की प्राप्ति होती है। कथा के दौरान वामन अवतार का प्रसंग सुनाते हुए महाराज ने बताया कि भगवान ने पृथ्वी का भार हरने के लिए ही वामन अवतार लिया था। महाराज ने कहा कि त्रेता युग से कलयुग तक भगवान बार–बार कभी कृष्ण तो कभी राम का अवतार लेकर मनुष्यों का लोक–परलोक सुधारते हैं और उनका उद्धार करते हैं। कथा में कृष्ण जन्मोत्सव के दौरान वासुदेव और यशोदा के रूप में क्रमश: किशोर मुलानी और रोशनी मुलानी ने जीवंत झांकी प्रस्तुत की। उत्सव के पश्चात उपस्थित भक्तों को प्रसादी के रूप में माखन–मिका वितरण किया गया। राजकुमार परसवानी ने बताया कि कथा में सिंधु जागृत समाज की ओर से प्रताप रोहरा, रमेश सामधानी, रमेश गजरानी और अजय रोहरा उपस्थित थे। संतोष लालवानी, विनोद मुलानी, रतनलाल काका, गिरधारी लालवानी, मनोज रोचवानी, रितेश लालवानी, उमेश दादलानी, लालू नागवानी, ललित थावानी, दीपक सामतानी एवं विशाल चंदनानी ने सहभागिता की। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ मोहनलाल वासवानी, विजय अग्रवाल, राम कुमरावत, अमित सोलंकी के साथ मातृशक्ति से सुशीला परियानी, माया मुलानी, डिंपल मुलानी, काम्या लालवानी और योगिता रोचवानी सहित बड़ी संख्या में भक्तजनों ने कथा का श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित किया।

### महाप्रभुजी की बैठक में सजी छाक लीला की झांकी

**उज्जैन।** पुरुषोत्तम मास के अंतर्गत शहर की पुष्टिमार्गीय हवेलियों में प्रतिदिन विशेष मनोरथ आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में महाप्रभुजी की बैठक पर ट्रस्टी विट्ठल नागर के मार्गदर्शन में छाक लीला का मनोरथ आयोजित किया गया। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण जब ग्वाल–बालों के साथ गाय चराने जंगल पधारे थे, उस प्रसंग को सांझी की झांकी के माध्यम से साकार किया गया। झांकी दर्शन कर श्रद्धालुओं को मथुरा में ठाकुरजी के साथ गाय चराने जैसी अलौकिक अनुभूति हुई। पुष्टिमार्ग में पूरे वर्षभर होने वाले मनोरथों के दर्शन इस एक माह में करने का विशेष महत्व है। ढाबा रोड स्थित श्रीनाथजी मंदिर में चार हिंडोला मनोरथ के पश्चात विशाल गरबे का आयोजन किया गया। नवरात्रि की तर्ज पर अधिक मास में यह विशेष आयोजन वल्लभ वैष्णव मंडल, युवा मंडल और महिला मंडल के संस्थापक विट्ठल नागर के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर जयेश श्रॉफ, निरंजन माहेश्वरी, मनीष नागर, दीपेश शाह, नितिन नीमा, अमर दिसावल, राहुल नागर, आभास शर्मा, पारुल शाह, मनीषा नागर, कामिनी शाह, परेशा नीमा, अमित नागर, विशाल नीमि और आनंद पुरोहित सहित बड़ी संख्या में वैष्णवजन उपस्थित थे। समाजसेवी नारायण यादव के गीता कॉलोनी स्थित निवास पर आज शाम 7 .30 से रात 9 .30 बजे तक महाप्रभुजी की पधरावनी के विशेष दर्शन होंगे। यहां ठाकुरजी का मोगरे और अन्य आकर्षक फूलों से विशेष श्रृंगार किया जाएगा। भव्य झांकी और आकर्षक मंडप के बीच पूरा पंडाल फूलों की महक से सुवासित रहेगा। आयोजकों ने सभी वैष्णवजनों से अधिक मास में इस विशेष दर्शन का लाभ लेने का अनुरोध किया है।

### साहित्य अकादमी का प्रतिष्ठित शरद जोशी पुरस्कार डॉ. सौरभ जैन को

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी ने कैलेंडर वर्ष 2024 के साहित्यिक पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। व्यंग्य लेखन के क्षेत्र में दिया जाने वाला प्रतिष्ठित शरद जोशी व्यंग्य पुरस्कार शहर के युवा लेखक डॉ. सौरभ जैन को प्रदान किया जाएगा। उन्हें यह सम्मान उनकी चर्चित कृति रील नाम सत्य है के लिए मिला है। राजनीति विज्ञान में पीएचडी उपाधि प्राप्त डॉ. सौरभ जैन की अब तक तीन पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। इससे पूर्व उनकी व्यंग्य कृति डेमोक्रेसी स्वाहा और निबंध संग्रह भारत भाग्य विधाता राष्ट्रीय स्तर पर केंद्रीय साहित्य अकादमी के युवा पुरस्कारों की अंतिम सूची में भी अपना स्थान बना चुकी हैं। स्वतंत्र पत्रकारिता और साहित्य सृजन में सक्रिय डॉ. जैन संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश द्वारा महाराजा विक्रमादित्य पर शोध के लिए दी जाने वाली प्रतिष्ठित फैलोशिप पूर्ण कर चुके हैं। वर्तमान में वे मध्यप्रदेश सामाजिक विज्ञान शोध संस्थान में प्रो. यतीन्द्र सिंह सिसोदिया के निर्देशन में पोस्ट–डॉक्टरल फैलोशिप कर रहे हैं। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर नगर के व्यंग्यकार डॉ. पिलकेन्द्र अरोरा, शशांक दुबे, डॉ. हरीशकुमार सिंह, शांतिलाल जैन, प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी सहित अन्य साहित्यकारों, मित्रों और विभिन्न साहित्यिक–सांस्कृतिक संस्थाओं ने डॉ. सौरभ जैन को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



### पुरुषोत्तम सागर में भगवान श्री पुरुषोत्तम नारायण को कराया नौका विहार

**उज्जैन।** अधिक मास के पावन पर्व एकादशी पर इंदिरानगर स्थित सप्त सागरों में से एक श्री पुरुषोत्तम सागर में भगवान श्री पुरुषोत्तम नारायण का भव्य नौका विहार कराया गया। यह पुनीत आयोजन ब्रह्मलीन ज्योतिर्विद पंडित श्याम नारायण व्यास की स्मृति में संपन्न हुआ। बाबा गुमानदेव हनुमान गढ़ी के गादीपति ज्योतिर्विद पं. चंदनश्यामनारायण व्यास ने बताया कि सर्वप्रथम तीर्थ का पंचामृत पूजन कर पीतांबर अर्पण किया गया। इसके पश्चात पं. अधीश द्विवेदी के आचार्यत्व में 21 वैदिक ब्राह्मणों द्वारा पुरुषसूक्त का पाठ किया गया। पूजन के बाद भगवान श्री लीला पुरुषोत्तम ने तीर्थ में नौका विहार किया। धर्मशास्त्रों के अनुसार अधिक मास में पुरुषोत्तम सागर का विशेष महत्व है और नौका विहार के दर्शन मात्र से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है। इस अवसर पर महापौर मुकेश टटवाल, समाजसेवी अनंतनारायण मीणा, अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पं. सुरेंद्र चतुर्वेदी, पं. गोपाल कृष्ण दवे, पं. दिनेश रावल, पं. जयंत द्विवेदी, पं. विजय तिवारी, पं. चंद्रशेखर शर्मा, पं. कृष्णकांत पंड्या, किशोर भाटी, गणपतलाल मीणा, संजय श्रीवास्तव, मनीष रावल, हेमंत जोशी, लीलाधर जाधव, सतीश श्रीवास्तव, हर्ष निगम, राजेश भाटी, विजया शर्मा, संगीता श्रीवास्तव और मालती द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक दर्शन के लिए उपस्थित थे।

# गड्ढा खोदकर पुलिस ने बरामद किए चोरी के आभूषण

▸ तराना पुलिस की हिरासत में आए बदमाश से खुला कायथा चोरी का राज

### तराना में चोरी करते पकड़ा था बदमाश

तराना एसआई हरिराम अंगोरिया ने बताया कि उक्त बदमाश ग्राम बीजपड़ी में दिनदहाड़े चोरी करने पहुंचा था। उसने एक मकान का ताला तोड़कर आभूषण चोरी कर लिये थे, लेकिन भागने का प्रयास करते समय लोगों ने उसे पकड़ लिया था। उससे आभूषण बरामद किये गये। मकान मालिक को बुलाया गया और पूछताछ की गई तो सामने आया कि बदमाश जो आभूषण चोरी कर भाग रहा था वह आर्टिफिशल है। लेकिन उसने ताला तोड़कर वारदात की है। उक्त मामले में बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

**उज्जैन/तराना। दिनदहाड़े ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी करने वाले शातिर बदमाश से कायथा में हुई चोरी की वारदात का खुलासा हुआ है। बदमाश ने 2.14 लाख के आभूषण चोरी करने के बाद शाजापुर में दोस्त के खेत में गड्ढा खोदकर छुपा दिये थे।**

कायथा थाना पुलिस ने बताया कि 25 मई को ग्राम बिरगोद में दिनदहाड़े सौदानसिंह के मकान में चोरी की वारदात होना सामने आया था। बिरगोद में कभी दिनदहाड़े चोरी की वारदात सामने नहीं आई थी। जिसके चलते मामले में संदेह बना था, बावजूद जांच शुरू की गई। सौदानसिंह से पूछताछ में सामने आया कि उसके गांव में 2 मकान है। वह तराना काम से गया था, पत्नी, बच्चे दूसरे मकान पर थे। जिस मकान में चोरी हुई उसकी कुंडी लगी थी। दोपहर में पत्नी दूसरे मकान से लौटकर आई तो उसने पेटी का ताला टूटा पाया था। जिसमें रखे पुस्तैनी आभूषण गायब थे। मामले की गंभीरता से जांच शुरू की गई। इस बीच पता चला कि तराना के ग्रामीण क्षेत्र में दिनदहाड़े चोरी करते ग्रामीणों ने माखन पिता चंदरसिंह 40 साल निवासी ग्राम हनौती थाना मक्सी जिला शाजापुर को पकड़कर तराना पुलिस के सुपुर्द किया है। बिरगोद में हुई चोरी का माखनसिंह पर होते ही उसे पूछताछ के लिये एसआई पवनसिंह कुशवाह, आरक्षक पवन वर्मा, सुल्तान, सुरेन्द्र पांडे की टीम पहुंची। माखन से सख्त पूछताछ में बिरगोद की चोरी का सुराग मिल गया। तराना पुलिस की पूछताछ के बाद माखनसिंह को प्रोटेक्शन रिमांड पर लिया गया। जिसे कायथा लाकर पूछताछ करने पर सामने आया कि उसने शाजापुर में ठिकाने लगाये है। आभूषण बरामद के लिये बदमाशों को शाजापुर ले जाया गया, जहां उसने बरगलाने का प्रयास शुरू कर दिया।

# श्रीराम कथा में गूंजा केवट प्रसंग, मार्मिक वर्णन सुन भावुक हुए श्रद्धालु

**उज्जैन।** शहर के दशहरा मैदान पर आयोजित 9 दिवसीय भव्य 12 ज्योतिर्लिंग कथा महोत्सव के छठे दिन भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े अत्यंत भावपूर्ण केवट प्रसंग का वर्णन किया गया। कथा व्यास कुलदीप महाराज ने अपने प्रवचनों में केवट और प्रभु श्रीराम के प्रेम, समर्पण तथा भक्ति के प्रसंग का ऐसा मार्मिक वर्णन किया कि उपस्थित हजारों श्रद्धालु भावविभोर हो गए।

कथा के दौरान महाराज ने कहा कि निष्काम भक्ति और सच्ची श्रद्धा से भगवान को सहज ही प्राप्त किया जा सकता है। केवट प्रसंग केवल एक कथा नहीं, बल्कि यह समाज के लिए भक्ति, समर्पण और सेवा का अनुपम संदेश है। आयोजक अजीत गुप्ता के नेतृत्व में चल रहे इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्मलाभ ले रहे हैं और कथा स्थल पर उत्साह का वातावरण बना हुआ है।

मीडिया प्रभारी शिवम् भार्गव ने बताया कि 6 से 14 जून तक आयोजित इस कथा महोत्सव में प्रतिदिन शाम 4 बजे से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। उन्होंने बताया कि महोत्सव में अगले चरण के तहत कल से राजन महाराज के मुखारविंद से पावन श्रीराम कथा का वाचन होगा। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार कथा में उपस्थित होकर आध्यात्मिक लाभ लेने का आग्रह किया है।

# समान नागरिक संहिता (यूसीसी) राष्ट्र की एकता और समानता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम : शरद जोशी



**महिदपुर।** अखंड हिंदू सेना, मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष शरद जोशी ने समान नागरिक संहिता का समर्थन करते हुए कहा है कि यह देश में समानता, न्याय और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। जोशी ने कहा कि भारत का संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान करता है। जब देश एक है, संविधान एक है और राष्ट्रीय ध्वज एक है, तब नागरिक मामलों से संबंधित कानूनों में भी समानता होना आवश्यक है। समान नागरिक संहिता इसी संवैधानिक भावना को साकार करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, गोद लेने तथा पारिवारिक मामलों में विभिन्न समुदायों के अलग–अलग व्यक्तिगत कानून लागू हैं। यूसीसी का उद्देश्य किसी धर्म या परंपरा का विरोध करना नहीं है, बल्कि सभी नागरिकों के लिए समान नागरिक अधिकार और समान न्याय सुनिश्चित करना है।

जोशी ने कहा कि समान नागरिक संहिता लागू होने से महिलाओं को अधिक सुरक्षा और अधिकार प्राप्त होंगे। बेटियों और महिलाओं को संपत्ति, विवाह तथा पारिवारिक मामलों में समान अवसर और न्याय मिल सकेगा। साथ ही न्यायिक प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी और प्रभावी बनेगी।

अखंड हिंदू सेना का मानना है कि यूसीसी से समाज में समानता की भावना मजबूत होगी, नागरिकों के अधिकारों की रक्षा होगी तथा राष्ट्रीय एकता को नई शक्ति मिलेगी। यह किसी वर्ग, धर्म या समुदाय के विरुद्ध नहीं, बल्कि सभी भारतीय नागरिकों के लिए समान न्याय और समान अवसर सुनिश्चित करने की दिशा में उठाया गया कदम है। शरद जोशी ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे समान नागरिक संहिता के विषय में सही जानकारी प्राप्त करें और राष्ट्रहित में सकारात्मक चर्चा को आगे बढ़ाएं। जानकारी मनोज प्रजापत ने दी।

# झूलेलाल की महाआरती में लगा 56 भोग



**उज्जैन।** इंदिरा नगर में इष्ट देव भगवान झूलेलाल की महाआरती पूर्ण विधि–विधान और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर भगवान को 56 भोग अर्पित कर 101 दीपों से महाआरती की गई। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त समाजजनों ने इंदिरा नगर पंचायत एवं भाई बंध पंचायत के सेवा कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का संयुक्त संकल्प लिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में भगवान झूलेलाल, स्वामी लीला शाह और मां हिंगलाज की पूजा–आराधना की गई। माल्यार्पण के पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महाआरती शुरू हुई। सिंधी भाई बंध पंचायत के अध्यक्ष दौलत खेमचंदानी ने बताया कि अधिक मास में भगवान झूलेलाल की आराधना हेतु महाआरती का विशेष महत्व होता है। आयोजन में उपस्थित समाजजनों ने भक्ति भाव के साथ नृत्य आराधना भी की।

**इनका हुआ सम्मान:** कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र जेठवानी, गिरधारी लाल जेठवानी, हेमा नाचकानी और लक्ष्मी चेतनानी द्वारा भाई बंध समाज कल्याण एवं उत्थान समिति के सचिव वीर कुमार मामनानी, सुरेश पुरसवानी, मुकेश शेवारामानी, उषा सेवारामानी, नीतू रमेश बलवानी, भारती खेमचंदानी, कोमल महेश बलवानी, जया थानी, कमल मोटवानी, ओमप्रकाश खेमानी, गोपाल थानी, बिंदिया बलवानी, निशा रामचंदानी, प्रेरणा पमनानी, लता मूलचंदानी और लीज़ा चंदनानी का स्वागत किया गया। पूज्य भाई बंध पंचायत के सदस्यों की उपस्थिति में हुए इस आयोजन का संयोजन हेमंत दास चेतनानी, नरेश मूलचंदानी, नीतू बलवानी एवं पंचायत द्वारा किया गया। अंत में आभार राजकुमारी खेमचंदानी और नारायण कोटवानी ने माना।

# पेंशनरों की मांगों को लेकर आज नर्मदा तट पर विशाल जल सत्याग्रह

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के पेंशनरों की लंबित मांगों को लेकर आज 13 जून को जबलपुर के नर्मदा तट ग्वारीघाट पर सुबह 10 बजे विशाल जल सत्याग्रह आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एपी उस्मलिया ने दी। अशोक दुबे ने बताया कि मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में लगभग 6.5 लाख पेंशनर पिछले 26 वर्षों से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। उनका आरोप है कि दोनों राज्यों की सरकारों द्वारा पेंशनरों की प्रमुख मांगों पर अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। इसके कारण महंगाई राहत राशि के भुगतान में देरी हो रही है तथा लंबित अवधि का एरियर भी पेंशनरों को प्राप्त नहीं हो पा रहा है, जिससे व्यापक असंतोष व्याप्त है। एसोसिएशन के अनुसार जल सत्याग्रह के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री एवं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री का ध्यान पेंशनरों की समस्याओं की ओर आकर्षित किया जाएगा। संगठन की प्रमुख मांगों में मध्यप्रदेश–छत्तीसगढ़ पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49(6) को पेंशनरों के हित में शीघ्र समाप्त किए जाने की मांग भी शामिल है। संगठन के पदाधिकारियों ने प्रदेशभर के पेंशनरों से 13 जून को सुबह 10 बजे नर्मदा तट पर आयोजित जल सत्याग्रह में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आव्हान किया है।

# वैदिक गणित से आसान होती हैं जटिल गणनाएं, बच्चों को मशीन नहीं विचारशील बनाएं शिक्षक





**उज्जैन।** सनातन धर्म और प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा आज भी पूरी दुनिया के लिए प्रासंगिक है। वैदिक गणित के माध्यम से न केवल जटिल गणनाओं को कम समय में हल किया जा सकता है, बल्कि इससे विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता भी बढ़ती है। मनुष्य प्रणालियां बनाता है और कंप्यूटर उनका पालन करते हैं, इसलिए शिक्षकों का उद्देश्य बच्चों को मशीन नहीं बल्कि विचारशील बनाना होना चाहिए।

यह बात लोकमान्य तिलक शिक्षण समिति के अध्यक्ष वरुण गुप्ता ने कही। वे समिति द्वारा आयोजित शिक्षक प्रशिक्षण वर्ग 2026 के दूसरे दिन प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि व वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि निरंतर सीखने की भावना ही एक शिक्षक को श्रेष्ठ बनाती है। हमारी प्राचीन शिक्षा पद्धति और आश्रमों में एकाग्रता, विश्लेषण और सरलीकरण जैसी तकनीकों का उपयोग होता था। उन्होंने बताया कि अमेरिका के हार्वर्ड स्कूल ने भी भगवद्गीता को अपने विषय के रूप में शामिल किया है। वहीं, उज्जैन के भारतीय वेद विद्या प्रतिष्ठान में जाकर शांत वातावरण में वैदिक गणित और गुरु–शिष्य परंपरा का गहराई से अध्ययन किया जा सकता है। सत्र के दौरान वरुण गुप्ता ने एकाधिकेन पूर्वेण विधि, दो और तीन अंकों की संख्याओं को 7 और 19 से विभाजित करने के आसान तरीके, 100 गेम, 1000 गेम और क्यूब रूट निकालने जैसी रोचक गतिविधियां भी करवाईं, जिससे उपस्थित शिक्षक काफी उत्साहित नजर आए।

### मूल्य आधारित शिक्षा और डिजिटल साक्षरता पर जोर

द्वितीय सत्र में शिक्षकों ने समसामयिक विषयों पर प्रस्तुतियां दीं। राहुल नागर ने एजुकेशन फॉर लाइफ नॉट जस्ट एग्जाम विषय पर बात करते हुए मूल्य आधारित और व्यावहारिक शिक्षा पर जोर दिया और कहा कि शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ परीक्षा पास करना नहीं बल्कि चुनौतियों का सामना करना है। श्वेता पाठक ने शिक्षक की सृजनात्मकता पर विचार रखते हुए शिक्षण में नवीन विधियों को आवश्यक बताया। सोमेश शर्मा ने टेक्नोलॉजी डिजिटल लिटरेसी एंड आर्ट ऑफ स्टोरीटेलिंग इन टीचिंग विषय पर प्रस्तुति दी। आयोजन में समिति के सीईओ गिरीश भालेराव सहित विभिन्न इकाइयों के प्राचार्य, शिक्षाविद्, न्यासी और शिक्षक मौजूद रहे।

**एक नजर** ▸ भारतीय स्कूल में आयोजित शिक्षक कार्यशाला में वक्ता बोले–

# शिक्षक ऐसा मार्गदर्शक है, जिसका कोई अन्य विकल्प नहीं




**उज्जैन।** शिक्षक को अपने भीतर के शिक्षक को सदैव जीवित रखना चाहिए। शिक्षक के पास सबसे बड़ा हथियार ज्ञान है तथा संसार की समस्त समस्याओं का समाधान विचार में निहित है। इसलिए शिक्षकों को निरंतर विचारशील बने रहना चाहिए। शिक्षक समाज का ऐसा मार्गदर्शक है, जिसका कोई विकल्प नहीं हो सकता।

उक्त विचार शिक्षा, संस्कृति एवं अध्यात्म के क्षेत्र के विशेषज्ञ पं. श्याम मनावत ने भारतीय स्कूल में आयोजित शिक्षक कार्यशाला में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि ज्ञान और विचार की शक्ति से ही समाज का निर्माण तथा समस्याओं का समाधान संभव है। कार्यशाला के अगले सत्र में मुख्य अतिथि एवं शैक्षिक विशेषज्ञ दिलीप वासु ने ए.आई. जैसे आधुनिक एवं महत्वपूर्ण विषय पर शिक्षकों को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सरल, रोचक एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से बताया कि एआई का उपयोग कर शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, सहज एवं आकर्षक बनाया जा सकता है।

इस अवसर पर प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर निर्मल भटनागर ने शिक्षण को प्रभावी एवं सरल बनाने के विषय पर शिक्षकों को संबोधित किया। कार्यशाला के अगले सत्र में डॉ. अमिता मंडलोई ने डीएमआईटी टेस्ट के संबंध में जानकारी दी। अकादमिक हेड शिवा बंसल ने पाठ योजना के माध्यम से कक्षा शिक्षण को सरल, व्यवस्थित एवं मनोरंजक बनाने के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मेडिकेप्स विश्वविद्यालय की प्रबंधन विभाग की अध्यक्ष विधि साध, संस्था डायरेक्टर अमृता कुलश्रेष्ठ, प्राचार्य रचना श्रीवास्तव सहित अन्य वरिष्ठजन उपस्थित रहे। आरंभ में विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा मधुर गीतों की प्रस्तुति दी गई। संचालन प्रियंका शेवलकर ने किया।

# संतों के सान्निध्य में कल मनेगा जैन समाज का समारोह होगा ध्वजारोहण व भूमि पूजन

**उज्जैन। शहर में जैन समाज का एक भव्य धार्मिक समारोह रविवार 14 जून को आयोजित होने जा रहा है। कार्यक्रम पंचकोशी मार्ग डीपीएस स्कूल के पास मक्सी रोड स्थित सनसिटी अभ्युदय नगर ग्राम करोंदिया में परम पूज्य डॉ. आचार्य मुक्ति सागर सुरिश्वर जी महाराज और आचार्य अचल मुक्ति सागर सूरिश्वर महाराज के पावन सानिध्य में ध्वजारोहण व भूमि पूजन किया जाएगा।**

कार्यक्रम सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। इस दौरान संतों की निश्रा में प्रस्तावित उपाश्रय स्थल पर धर्म ध्वजा फहराई जाएगी। दरअसल, जैन समाज के लिए यहां सनसिटी अभ्युदय नगर के नाम से एक सुव्यवस्थित कॉलोनी विकसित की जा रही है। रविवार को इसी कॉलोनी के मुख्य प्रवेश द्वार का भूमि पूजन भी संपन्न होगा।

पंचक्रोशी मार्ग पर डीपीएस स्कूल के पास और सांची प्लांट के पीछे आकार ले रहे इस आवासीय प्रोजेक्ट में समाज के लिए विशेष रूप से भगवान वासुपूज्य स्वामी का मंदिर और उपाश्रय बनाया जा रहा है। आयोजक सनसिटी ग्रुप ने बताया कि मुख्य धार्मिक कार्यक्रम संपन्न होने के पश्चात सभी के लिए स्वामी वात्सल्य की व्यवस्था रहेगी।